PUBLICATION NAME :	**Dainik Jagaran**
EDITION :	**Gorakhpur**
DATE :	**10/05/2022**

ईडीआइआइ व गोविवि बढ़ाएंगे उद्यमिता

दोनों संस्थानों के बीच हुआ करार, प्रमुखों ने करारनामे पर किए हस्ताक्षर

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : पूर्वांचल में उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए नए अवसर तलाशने में दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय और एंटरप्रिन्योरशिप डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट आफ इंडिया (ईडीआइआइ) मिलकर काम करेंगे। इसे लेकर दोनों संस्थानों ने करार किया है। सोमवार को विश्वविद्यालय की ओर से कुलपति प्रो राजेश सिंह और ईडीआइआइ की ओर से महानिदेशक डा. सुनील शुक्ला ने गुजरात केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. रमा शंकर दुबे की उपस्थिति में करारनामा पर हस्ताक्षर किया। ये दोनों संस्थाएं कार्यक्रमों, अनुसंधान और पॉलिसी एडवोकेसी के माध्यम से बड़े पैमाने पर छात्रों और समाज के बीच एंटरप्रिन्योरशिप को एक व्यावहारिक कैरियर विकल्प के रूप में स्थापित करने की कोशिश करेंगी। ईडीआइआइ, अहमदाबाद एक स्वायत्त और गैर-लाभकारी संस्थान है, जिसकी स्थापना 1983 में हुई थी। उद्यमिता शिक्षा, अनुसंधान, पॉलिसी एडवोकेसी, स्टार्ट अप और नवाचार, एमएसएमई विकास, ट्रेनिंग और इंस्टीट्यूशन बिल्डिंग में एक प्रतिष्ठित राष्ट्रीय संसाधन संस्थान है। आइडीबीआइ बैंक लिमिटेड, आइएफसीआइ लिमिटेड, आइसीआइसीआइ बैंक लिमिटेड और भारतीय स्टेट बैंक और गुजरात सरकार इसके प्रमोटर हैं। करार के तहत इनोवेशन, एंटरप्रिन्योरशिप और स्टार्टअप में क्षमता निर्माण कार्यक्रमों पर ध्यान केंद्रित करने के साथ-साथ एंटरप्रिन्योरशिप सेंसिटाइजेशन प्रोग्राम, उद्यमिता में क्षेत्र विशेष कार्यक्रम, उद्यमिता जागरूकता से संबंधित कार्यक्रम और उद्यमिता अनुसंधान से संबंधित कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके अलावा नए विचार और इनोवेशन को भी केंद्र में रखा जाएगा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजेश सिंह ने कहा कि उद्यमिता एक ऐसा विषय है, जिसे लेकर छात्रों को अवसर देने की जरूरत है। निश्चित रूप से यह समझौता विद्यार्थियों को उद्यमिता के बारे में नवीन जानकारी से अपडेट करेगा। डा. सुनील शुक्ला ने कहा कि ईडीआइ उद्यमशीलता और स्टार्टअप के लिए एक उत्साहित वातावरण बनाने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। इस दिशा में यह करार बेहतर परिणाम देगा।



पूर्वांचल में उद्यमिता को बढ़ावा देने को नए अवसरों की तलाश करने की दिशा में समन्वित प्रयास करने के लिए गोरखपुर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो . राजेश सिंह और ईडीआइआइ के महानिदेशक डा . सुनील शुक्ला ने गुजरात केंद्रीय विवि के कुलपति प्रो . रमा शंकर दुबे की उपस्थिति में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए • सौ. विवि मीडिया सेल

काशी
विश्वविद्
An Institution of N
पीएच.डी
पाठ
सत्र 2022–23 के
/समेकित एम.फिल.–
पाठ्यक्रमों) में प्रवेश
आवेदन करने के अ
(www.bhuonline
पोर्टल पर दिनांक 10
2022 है। आरईटी का